दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 217/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शनिवार 08 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

महिला दिवस की शुभकामनाएं

जि़न्दगी की चार धाम यात्रा
माँ की गोदी
बहन की राखी
पत्नी का प्रेम
बेटी की हँसी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं का अभिनंदन

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला दिवस पर गुजरात के नवसारी में 'लखपति दीदियों' से की बात

# मेरे अकाउंट में करोड़ों महिलाओं का आशीर्वाद...

**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी में लखपति दीदी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ में उनको माता



गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला. आज महिला दिवस पर उनकी मातृभूमि गुजरात में इतनी बड़ी संख्या में सभी माताओं, बहनों, बेटियों की मौजूदगी में मिले प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए वह मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करते हैं।

पीएम ने कहा कि आज सभी के लिए महिलाओं से प्रेरणा लेने और उनसे सीखने का दिन है. सभी महिलाओं का अभिनंदन और धन्यवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह गर्व से कह सकते हैं कि वह दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हैं. उनके जीवन के खाते में करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद है और यह लगातार बढ़ रहा है।






**शास्त्रों में नारी को मिला नारायणी का दर्जा-** पीएम मोदी ने कहा कि शास्त्रों में नारी को नारायणी कहा गया है। नारी का सम्मान समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसलिए भारत विकसित देश बनाने के लिए और तेज़ विकास के लिए महिला-नेतृत्व वाले विकास के रास्ते पर चल पड़ा है. उनकी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

### देश में अहम पदों पर बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

उन्होंने कहा कि चाहे राजनीति हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या पुलिस, महिलाएं देश के हर क्षेत्र और आयाम में परचम लहरा रही हैं. 2014 के बाद से देश में अहम पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है. 2014 के बाद से केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिलाएं मंत्री बनी और संसद में भी महिलाओं की मौजूदगी में बड़ी बढ़ोतरी हुई।

बता दें कि पीएम मोदी ने नवसारी में लखपति दीदी कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले जी- सफल और जी- मेत्री समेत विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लाड़ली बहनों के खाते में ट्रांसफर हुए 1250 रुपए

### महिला प्रधान है हमारी भारतीय संस्कृतिः सीएम मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति मां और बहन प्रधान है। इसी का प्रभाव है




कि हमारे देश का नाम भारत माता से जोडक़र लिया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए ट्रांसफर किए।

मुख्यमंत्री ने कहा महिलाओं और बहनों की जिंदगी बेहतर बने इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि नारी सशक्तिकरण में मध्य प्रदेश देश में आदर्श राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाए। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, सांसद वीडी शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा भगवान दास सबनानी, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना उपस्थित रहे। तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया गया।







### सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खिंचवाई

कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्यमंत्री ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खिंचाई, और उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण किया।

### महिलाएं संभाल रहीं सीएम की सुरक्षा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज सीएम डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा और कारकेड सहित अन्य व्यवस्थाओं की सारी कमान महिलाएं संभाल रही हैं। सुरक्षा



की जिम्मेदारी उप पुलिस अधीक्षक बिट्टू शर्मा के पास है। वहीं मुख्यमंत्री का वाहन इंस्पेक्टर इरशाद अली चला रही हैं। कारकेड के वाहनों की जिम्मेदारी सपना सहित अन्य महिला चालकों पर है। ओएसडी का दायित्व अंडर सेक्रेटरी श्रीलेखा श्रोत्रिय निभा रही हैं। प्रेस अधिकारी की जिम्मेदारी बिंदू सुनील और सोनिया परिहार के पास है।

### सीएम ने किया हारमनी इंस्टीट्यूट का उद्घाटन





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में होशंगाबाद रोड बावड़ियां कलां स्थित हारमनी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ ( हर हेल्थ ) का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ सांसद वीडी शर्मा, राज्य मंत्री कृष्णा गौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## भारत की पहली महिला फाइटर पायलटः अवनि चतुर्वेदी, भावना कंठ और मोहना सिंह !

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर, हम उन महिलाओं की उपलब्धियों को याद करते हैं, जिन्होंने समाज में समानता और सशक्तिकरण की नई मिसाल कायम की है। पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय वायु सेना ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहली बार महिला लड़ाकू पायलटों को शामिल किया। अवनी चतुर्वेदी, भावना कंठ और मोहना सिंह ने भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट प्रशिक्षण लेकर इतिहास रच दिया। ये तीनों महिलाएं भारतीय सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता की दिशा में उठाए गए कदमों का प्रतीक हैं।

स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह ने स्वदेशी लड़ाकू विमान %तेजस% के स्क्वाड्रन का संचालन करने वाली पहली महिला पायलट बनकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं, स्क्वाड्रन लीडर भावना कंठ और स्क्वाड्रन लीडर अवनी चतुर्वेदी पश्चिमी रेगिस्तान में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं।



मोहना सिंह- तेजस की पहली महिला पायलट मोहना सिंह का जन्म जनवरी 1992 में राजस्थान के झुंझुनू में हुआ। उनका परिवार सैन्य सेवा से गहराई से जुड़ा है। उनके पिता एक सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी हैं, जबकि उनके दादा को वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

अवनी चतुर्वेदी मिग-21 बाइसन की पहली महिला पायलट अवनी चतुर्वेदी मिग-21 बाइसन को अकेले उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली अवनी ने बनस्थली विश्वविद्यालय से प्रौद्योगिकी में स्नातक किया और फ्लाइंग क्लब में शामिल होकर वायुसेना की परीक्षा पास की।

भावना कंठ- गणतंत्र दिवस परेड की पहली महिला फाइटर पायलट भावना कंठ ने गणतंत्र दिवस परेड में वायुसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनकर इतिहास रचा।

ये तीनों महिलाएं न केवल भारतीय वायुसेना, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का प्रतीक हैं। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकती हैं।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखपति दीदी और स्व सहायता समूह की बहनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्मार्ट सिटी पार्क भोपाल में पौधरोपण किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल रेल मंडल का अनूठा प्रयास

# पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित ट्रेन का सफल संचालन

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु भोपाल रेल मंडल द्वारा विशेष पहल की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर भोपाल रेलवे मंडल ने महिलाओं के सम्मान और उनके समर्पण को उजागर करने के लिए एक प्रेरणादायक कदम उठाया। इस विशेष दिन पर ट्रेन संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस को पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित कर रवाना किया गया, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में रेलवे के सकारात्मक प्रयासों का प्रतीक है।

यह ट्रेन आज सुबह 10.15 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर






रवाना किया और महिला क्रू सदस्यों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने सभी महिला कर्मचारियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट कार्य के प्रति अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस विशेष ट्रेन का संचालन कुशल महिला ने किया, जिसमें लोको पायलट के रूप में कु. नूतन, सहायक लोको पायलट के रूप में श्रीमती नेहा श्रीवास्तव, ट्रेन मैनेजर के रूप में अक्षिता काले तथा ट्रेन टिकट परीक्षक के रूप में श्रीमती रीता यादव एवं रश्मि मगरदे ने अपनी जिम्मेदारी संभाली। महिला कर्मचारियों द्वारा ट्रेन संचालन का यह प्रयास न केवल रेलवे में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण भी है।

इस अवसर पर एडीआरएम श्रीमती रश्मि दिवाकर के साथ वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर( कर्षण परिचालन) श्री सचिन शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया, मुख्य लोको इंस्पेक्टर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) सहित अन्य पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

### भोपाल मंडल का महिला सशक्तिकरण में योगदान

भोपाल रेलवे मंडल महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने और उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। मंडल में वर्तमान में 41 महिला लोको पायलट कार्यरत हैं, जो रेल संचालन के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दे रही हैं।



इसके अलावा, भोपाल मंडल में कुल 1100 महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जो रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं। इनमें वाणिज्य विभाग में 164, यांत्रिक विभाग में 156, संचालन विभाग में 109, विद्युत विभाग में 216, इंजीनियरिंग विभाग में 164, सुरक्षा विभाग में 45, संकेत एवं दूरसंचार विभाग में 87, चिकित्सा विभाग में 64, लेखा विभाग में 24, कार्मिक विभाग में 44, सामान्य प्रशासन में 20, गति शक्ति/निर्माण विभाग में 3 और भंडार विभाग में 4 महिलाएँ कार्यरत हैं।







## मंजरी आर्ट गैलरी की पहली प्रस्तुति

# प्रसिद्ध फोटोग्राफर प्रकाश हतवलने की प्रदर्शनी हम, वी द विमेन




**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के विविध रूपों को दर्शाने वाली छवियों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। महिला चेतना मंच द्वारा प्रस्तुत, प्रख्यात फ़ोटोग्राफ़र प्रकाश हतवलने की प्रदर्शनी हम, वी द विमेन में उनकी 30 चुनिंदा तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी, जिनका क्यूरेशन संरक्षण वास्तुकार और संस्कृति विद डॉ. मीरा दास ने किया है।

प्रकाश हतवलने एक स्वतंत्र डॉक्यूमेंट्री फ़ोटोग्राफ़र हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में योगदान दिया है। उन्होंने दो दशकों तक एसोसिएटेड प्रेस (एक) के साथ काम किया और टाइम्स ऑफ़ इंडिया में मुख्य फ़ोटोग्राफ़र के रूप में कार्य किया। उनके फ़ोटोग्राफ़ भारत और विदेशों में प्रदर्शित हुए हैं और उन्हें कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन की डायरेक्टर डॉ. विद्या राकेश द्वारा शनिवार, 8 मार्च को शाम 5 बजे न्यू मार्केट स्थित सेवन हिल्स स्कूल में नव स्थापित मंजरी आर्ट गैलरी में किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 9 और 10 मार्च को दोपहर 12 से रात 8 बजे तक सभी के लिए खुली रहेगी।

## आंबेडकर जयंती पर चिकित्सा परामर्श, जांचें एवं स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क




**भोपाल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर सेंट्रल ग्रुप के हेल्थकेयर सेक्टर के अंतर्गत, प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार क्षेत्र में 14 अप्रैल को होगा भव्य शुभारंभ। सेंट्रल ग्रुप के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नितिन वर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की शुभारंभ के बाद दूसरे दिन उपरोक्त सौगात मंदाकिनी सोसायटी एवं भोपाल क्षेत्र के मरीजों को उनकी टीम प्रदान करेगी, उन्होंने यह भी बताया है कि कई राज्यों में सेंट्रल ग्रुप मानव एवं समाज सेवा में समर्पित कार्य कर रहा है तथा इस कार्य को आगे बढ़ते हुए अब मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भी सेंट्रल ग्रुप अपनी सी.एस.आर एक्टिविटीज के द्वारा मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार के परिजनों के लिए भारत और प्रदेश सरकार के साथ मिलकर हॉस्पिटल्स में निःशुल्क ट्रेनिंग के साथ साथ युवाओं को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। अधिक जानकारी देते हुए डॉ. नितिन वर्मा ने यह भी बताया है उनकी पूरी टीम प्रदेश के असहाय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की पूर्ण रूप से मदद करने के लिए तैयार है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया



**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आल इंडिया वीमेन कांफ्रेंस द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जिसमें 500 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष डी पी सिंह मधु सरन एवं रचना सिंह ने मीडिया को दी उन्होंने बताया की संयुक्त के रूप में कायनाथ ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी फैयाज शेख के द्वारा विशेष सहयोग दिया गया यह स्वास्थ्य शिविर गोविंदपुरा के जीबीएम स्कूल में लगाया जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर अपना स्वास्थ्य दिखाकर स्वास्थ्य लाभ लिया डॉक्टरों उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें दवाई भी दी इस अवसर पर संगठन के सभी मेंबर्स उपस्थित थे

## लायंस क्लब इंटरनेशनल रीजन कॉन्फ्रेंस कल

**भोपाल।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233G2, रीजन-2 के रीजन चेयरमैन नरेन्द्र सिंह जग्गी ने आगामी 9 मार्च को सायं 5ब्र15 बजे से रीजन-2 की रीजन कॉन्फ्रेंस के आयोजन किए जाने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम हरनूर पैलेस, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में रीजन के अंतर्गत लायंस क्लब के लगभग 600 सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष शाह हैं तथा मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से एरिया लीडर कुलभूषण मित्तल होंगे। कार्यक्रम के जनसंपर्क चेयरमैन डॉ. अनिल बाखरू एवं एडवोकेट संजय गुप्ता ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में उत्कृष्ठ सेवा गतिविधियों के लिए क्लब पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा तथा बेस्ट ड्रेस (मेल/फीमेल), बेस्ट कपल, लायंस पिन कलेक्शन और बेस्ट फोटो एलबम, स्क्रैप बुक जैसे विभिन्न पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा, ध्वज प्रस्तुतिकरण और रीजन अवार्ड्स भी होंगे। कार्यक्रम में सतवंत बादशाह पंजाबी पॉप सिंगर प्रस्तुति देंगे। कॉन्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि के रूप में जे.पी.एस. जौहर, प्रवीन वशिष्ठ, महेश मालवीय तथा डा. परमानंद राजानी उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति में ऑर्गेनाइजेशन चेयरमैन मनीष सैनानी, ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी डॉ राहुल भारतीय तथा ऑर्गेनाइजेशन ट्रेजरर राहुल नायक हैं।

# पाकिस्तान में सिन्धी बेटियों के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ बनाई फिल्म

## द सिन्ध स्टोरी लव जिहाद, जबरदस्ती धर्मांतरण पर आधारित फिल्म होगी प्रदर्शित

**संत हिरदाराम नगर।** लव जिहाद, जबरदस्ती धर्मांतरण जैसी समस्या को लेकर सिंधी समाज में जागरूकता फैलाने के लिए फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। द सिन्ध स्टोरी लव जिहाद पर आधारित फ़िल्म का कथानक ज़बरदस्ती धर्मांतरण की समस्या को दर्शाता है जिसके लेखक व निर्माता आनंद मनवानी है। उन्होंने हलालपुर स्थित होटल में बैठक रखी जिसमें उन्होंने बताया कि इस फ़िल्म का निर्देशन तारिक भट ने बड़े प्रभावी तरीक़े से किया है। फ़िल्म हिन्दी व सिन्धी दो भाषाओं में बनाई गई है, जो प्रदर्शन के लिए तैयार है, इसके मुख्य कलाकार है नील तलरेजा, सिमरन आहूजा, नैना लालवानी, चंदा वीरानी और प्रीत खत्री है इस फ़िल्म का निर्माण सिंधी समाज को जागरूक और एकजूट करने के लिए किया गया है, ताकि पाकिस्तान में सिन्धी बेटियों के साथ हो रहे अत्याचारों के ख़िलाफ़ विश्व पटल पर आवाज़ बुलंद की जा सके, नारी जागरण और सशक्तिकरण वाली ये फ़िल्म विश्व महिला दिवस पर प्रदर्शित की जा रही है, जिसके गीत व संगीत नील तलरेजा ने तैयार किए है, फ़िल्म में आज की युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया पर हर गतिविद्धि को पोस्ट करने के ख़तरों से आगाह किया गया है, फ़िल्म की शूटिंग मुम्बई व पीओके में की गई है, सिन्धी भाषा को प्रचार प्रसारित करने वाली यह



फ़िल्म की पूरे भारत वर्ष से होने वाली इस फ़िल्म की आय से सिंधी फ़िल्मों, रंगमंच और संगीत से जुड़े व्यक्तियों के बच्चों की स्कूल फ़ीस भरने में मदद की जाएगी।

## कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ इस होली को बनाएं खास और सेहतमंद

**भोपाल।** होली रंगों का त्योहार है, जो खुशियाँ, एकता और हमारी संस्कृति की खूबसूरती लेकर आता है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आने की खुशी में और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। खाना इस त्योहार का एक अहम हिस्सा है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ज़्यादा तला-भुना या मीठा खाने से हमारी सेहत खराब हो सकती है। इसलिए, हमें खाने-पीने में संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसके लिए हम होली के व्यंजनों में कैलिफोर्निया आमंड्स जैसे पौष्टिक ड्राईफ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। भारत के सबसे लोकप्रिय कैलिफोर्निया आमंड्स प्राकृतिक रूप से 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर शामिल हैं, जो उन्हें पारंपरिक व्यंजनों में एक पौष्टिक अतिरिक्त बनाते हैं।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आज ओपन मेगा कैंपस ड्राइव आयोजित

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज 8 मार्च को ओपन मेगा कैंपस ड्राइव के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। यह ऐतिहासिक आयोजन अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को शानदार करियर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 35 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी के साथ, पूरे कैंपस में उत्साह और जागरूकता का माहौल बना हुआ है। आईटी और टेक्नोलॉजी से लेकर वित्त, स्वास्थ्य, शिक्षा और एविएशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियां इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेंगी। प्रमुख कंपनियों में इनोबिम्ब इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, आरएमजे मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, लैक्मे एकेडमी, मैग्नम ग्रुप, ऑप्टिको सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, कॉरपोरेट स्टेप्स, सिग्निफिक करियर्स, मनस्वी टेक्नोलॉजी, आईआईएएचएम एविएशन एकेडमी, कॉलटेक, आईवीईवाईस इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, एसईओटोनिक, शारदा एसोसिएट्स, फॉर्च्यून एजुकेयर, ई-हेरिक्स, सक्सेस स्टेयर्स ग्रुप, मशरूम वर्ल्ड, स्वाइप स्पीड प्रोग्राम, निर्माण शेयर ब्रोकर, टफ टू इज़ी, साइब्रोम टेक्नोलॉजी, टेक्नोटास्क, सदरलैंड, आरबी साइंस, सीएट टायर्स, एलआईसी, मेडिएक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, नेटलिंक, हेल्थवेशन एम हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, लर्निंग स्क्वॉड, जस्टडायल, कैली लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, नेक्सटॉप एवं अन्य शामिल हैं।

## होली रन एंड पार्टी ब्रिटिश पार्क में

**भोपाल ।** ब्रिटिश पार्क अल्टीमेट होली रन एंड पार्टी का आयोजन ब्रिटिश पार्क भोजपुर रोड, आईपर कॉलेज के सामने, भोपाल में 9 मार्च ,रविवार को शाम 4 बजे से करने जा रहा है। जिसमे डीजे और ढोल की मस्ती, खाना खजाना में फूड व ड्रिंक के स्टाल्स, सेल्फी के लिए फोटो बूथ एवं पार्किंग की भरपूर जगह है। एंट्री केवल एंट्री पास से होगी । ब्रिटिश पार्क भोपाल की एकमात्र एकीकृत टाउनशिप है, जिसमें पहले से ही मल्टीप्लेक्स के साथ एक कार्यशील मॉल है। प्रसिद्ध हफीज ठेकेदार द्वारा डिजाइन की गई इस टाउनशिप का कुल क्षेत्रफल 65 एकड़ है, जिसमें हरे-भरे बगीचे और 72 प्रतिशत खुला क्षेत्र है। कवर कैम्पस में पहले से ही 150 से अधिक परिवार रह रहे हैं।

# अमेरिकी कंपनी की नौकरी छोड़ बेचने लगी समोसे

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष**

## छोटी शुरुआत से बन गई स्नैककिंग, ऐसी है Samosa Singh निधि की सक्सेस स्टोरी

**बेंगलुरु।** आज दुनियाभर में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। देश विदेश और ग्रामीण परिवेश में आज महिलाएं अपने जज्बे से सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसी ही एक महिला उद्यमी निधि सिंह और उनके पति शिखर वीर सिंह की सक्सेस स्टोरी लेकर आएं हैं जो आज भारत का स्नैककिंग बनने की राह पर है।

समोसा न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले स्नैक्स में से एक है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में ऑनलाइन ऑर्डर की जाने वाली टॉप-10 चीजों में समोसा भी था। Samosa Singh की शुरुआत साल 2016 में, बेंगलुरु में निधि सिंह और उनके पति शिखर वीर सिंह ने मिलकर की थी। अब यह ब्रांड भारत का स्नैककिंग बनने की राह पर है। National Women Day: Samosa Singh की को-फाउंडर निधि सिंह बताती हैं, समोसा का Samosa Singh के रूप में पुनर्जन्म नवाचार, महत्वाकांक्षा और विरासत के प्रति प्रेम की कहानी है। निधि आगे बताती हैं, ब्रांड का विचार एक साधारण अहसास से आया कि 'द इंटरनेशनल स्नैक' के रूप में इतना प्यार और प्रशंसित होने के बावजूद, इस सेगमेंट के लिए कुछ ज्यादा व्यवस्थित नहीं था और इस तरह इस विचार के साथ हमने अपने ऑन्त्रप्रेन्योरशिप के सफ़र का आग़ाज़ किया। इसके बाद मैंने अपने सपने को पूरा करने के लिए अमेरिकी कंपनी की नौकरी छोड़ दी. हमारे पास जो कुछ भी था, उसे इस बिजनेस में लगा दिया और खुद को इसके लिए समर्पित कर दिया। Samosa Singh नाम रखने की क्या वजह है? इस सवाल के जवाब में निधि बताती हैं, जब हमने इस देश की संस्कृतियों को जोड़ने वाले एक स्नैक को अपनाने का फैसला किया, तो हम एक कदम आगे बढ़े और खुद को आश्चर्यचकित करने का फैसला किया. हमने इसे सिर्फ़ नया रूप नहीं दिया. हमने इसे सिर्फ़ नया स्वाद नहीं दिया. हमने इसे सिर्फ़ नया एहसास नहीं दिया...हमने इसे उपनाम (surname) 'सिंह' दिया — समोसा सिंह. और हमने इसे अपने




परिवार का हिस्सा बना लिया।निधि बताती हैं किन रणनीतियों ने आपको सफलतापूर्वक विस्तार करने में मदद की है?

इस पर को-फाउंडर निधि सिंह बताती हैं, एक ऐसा ब्रांड बनाने में सक्षम होना जो मशहूर हो और जिसे लोग पसंद करें, शिखर वीर सिंह और मैंने ज़ीरो से शुरुआत की थी। हमने जो कुछ भी सीखा वह Samosa Singh को ब्रांड बनाने के दौरान सीखा। इसलिए जब हम पीछे देखते हैं कि हमने कैसे शुरुआत की और हम कितनी दूर आ गए हैं - तो यह बहुत ही अभिभूत करने वाला एहसास है और ढेर सारी कृतज्ञता है। हम निश्चित रूप से उस टीम पर गर्व करते हैं जिसे हमने वर्षों में तैयार किया है और हम उनकी निरंतर सीखने और आगे बढ़ने की इच्छा का लाभ उठाते हैं। निधि बताती हैं कि Samosa Singh के समोसे में 32 प्रतिशत कम कैलोरी और 56 प्रतिशत कम वसा (जैसा कि प्रमुख पोषण प्रयोगशालाओं द्वारा प्रमाणित है) होते हैं। उनका दावा है कि समोसा सिंह पहली भारतीय स्नैकिंग कंपनी है जिसके पास एक वैज्ञानिक कोर टीम है और इसके पीछे 100,000 घंटों से अधिक की रिसर्च है। फ़ूड डिलीवरी ऐप्स के जमाने में, समोसा सिंह ने ऑनलाइन ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए खुद को कैसे ढाला .. इसके जवाब में निधि बताती हैं, समोसा सिंह डेटा के साथ-साथ अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रमुख फ़ूड डिलीवरी ऐप्स पर अपनी ग्रोथ पर फोकस करता है. हमारे पास मुख्य मापदंडों और परिचालन दक्षता मीट्रिक पर काम तगड़े कॉम्पिटशन वाले फ़ूड मार्केट में समोसा सिंह को कामयाब बनाए रखने के लिए आप क्या कर रहीं हैं? इस पर निधि कहती हैं, इस बिजनेस में कामयाबी इस बात को समझने से आती है कि ग्राहक क्या चाहते हैं और उन्हें लगातार वही मिलता रहे। हमारे लिए, इसका मतलब है गुणवत्ता में निहित रहना, लगातार नवाचार करना और अपने ग्राहकों की बात सुनना। हम रुझानों से आगे रहने की भी योजना बना रहे हैं, जैसे कि हेल्दी स्नैकिंग विकल्प पेश करना और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाना. आखिरकार, हमारा ध्यान भोजन के माध्यम से यादगार अनुभव बनाने पर रहेगा। समोसा सिंह का भविष्य रोमांचक है। हम और अधिक शहरों में आउटलेट्स खोलने की योजना बना रहे हैं, ताकि हमारे प्रिय समोसे पूरे भारत में आसानी से उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा, हम भारतीय स्नैक्स को दुनिया भर के बाज़ारों में ले जाने के लिए उत्सुक हैं, ताकि दुनिया के साथ समोसे का जादू साझा किया जा सके।









भोपाल। राजधानी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरुकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला संगठनों की सदस्यों, कॉलेज छात्राओं एवं महिलाओं ने भाग लिया।

सांध्यप्रकाश विशेष

# महिला उद्यमी एवं महिलाओं के रोजगार में हो रही वृद्धि अच्छा संकेत

**जी.के.छिब्बर**



महिला दिवस विशेष

केंद्रीय श्रम और रोजगार सचिव सुमिता देवरा ने मसूरी में अयोजित दो दिवसीय राउंड टेबल सम्मेलन में कहा कि देश की महिला श्रम नियोजन में लगातार वृद्धि हो रही है जो अच्छा संकेत है। महिला उद्यमियों में भी अच्छी वृद्धि हो रही है उसके लिए कई योजनाएं भी हैं ओर अनेक महिला उद्यमी नौकरी की जगह व्यवसाय में रुचि ले रही है जिससे महिला स्वयं आत्मनिर्भर हो रही है। 2017/18 में स्वरोजगार 58 प्रतिशत था जो बढ़कर 2022/23 में 71 प्रतिशत हो गया है जिससे महिला आर्थिक रूप सबल हो रही है यह स्पष्ट हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म लघु एवम माध्यम क्षेत्र कर उद्योग में 20 प्रतिशत महिला स्वामित्व मे है और 93 प्रतिशत स्वयं वित्तीय जरुरते पूरी कर रही है ईएमआई का भुगतान कर रही है जो महिला सशक्तिकरण का शुभ संकेत है।

जहा तक महिला श्रम बल का प्रश्न है प्रावधिक श्रम बल के आंकड़े दर्शाते है कि 2018/19 में महिला श्रम बल 24.5 था जो 2020/21 में 32.5 प्रतिशत गया और 2022/23 में बढ़कर 37.9 हो गया जबकि 2023 /24 में 41.7 प्रतिशत हो गया है और 2047 तक इसे 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है जो महिलाओं के बढ़ते रोजगार के शुभ लक्षण हैं यहां यह भी उल्लेखनीय है कि महिला रोजगार में वृद्धि श्रमिक ओर कर्मचारी वर्ग तक ही हैं मध्यम और उच्च वर्ग के रोजगार की अभी भी समस्या हैं।

न्यूग्रोथ की अध्ययन की रिपोंट में बताया गया है की 2023/24 में 40 प्रतिशत पोस्ट ग्रेजुएट महिलाएं रोजगार में नियोजित थी जी अच्छा आंकड़ा है एन एफ एच एस 5 के आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक महिला रोजगार आई टी सेक्टर में है जो 26 प्रतिशत है जिसमे टेक्निकल शिक्षित नौकरी हैं जहा नियोजक महिलाओं को प्राथमिकता देते है जो की वर्क फ्रॉम होम से भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहा हैं इसके बाद कृषि क्षेत्र में 25 प्रतिशत नियोजन है जो श्रमिक स्तर का है इसके बाद विनिर्माण उद्योग में 24 प्रतिशत नियोजन है जो ज्यादातर असंगठित क्षेत्र का है जिसे स्थाई भी नही कहा जा सकता इसके बाद स्वास्थ में 21 तथा शिक्षा में 12 प्रतिशत महिला रोजगार का नियोजन है सबसे कम बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में मात्र 2 प्रतिशत है यह भी आंकड़े बता रहे है की पुरुषो और महिलाओं में वेतन का अंतर 21 फीसदी है जबकि भारत में समान कार्य के लिए समान वेतन 1976 का कानून हैं जिसके अनुसार महिला पुरुषो के समान कार्य पर वेतन विभेद नही किया जा सकता। श्रम और महिला कानूनों के संरक्षण के कारण भी महिलाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जाती है प्रमुख रूप से मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 है जिसमे 26 माह के संवेतनिक प्रसूति लाभ 2 बच्चो तक का देना होता हैं वही कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न निवारण कानून 2013 भी है जिससे नियोजक बचने के लिए महिलाओं का नियोजन नहीं करते या बहुत कम करते है लेकिन फिर ताजा आंकड़े बताते है की महिलाओं का नियोजन बड़ता जा रहा है अब विनिर्माण उद्योग में नियोजित महिलाकर्मी भी मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के दायरे लाया गया है जो महिलाकर्मी के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए अच्छा कदम होगा।

महिलाओं की आर्थिक एवम वैचारिक स्वतंत्रता अब उन्हें सशक्त बना रही है महिलाओं की आत्मनिर्भरता से परिवार भी समृद्ध हो रहा है अब परिवार भी देश में ही नही विदेश में भी रोजगार के लिए लड़कियों को भेज रहे हैं जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है स्वामी विवेकानंद ने कहा था राष्ट तभी विकास कर सकता है जबकि महिला शिक्षित संरक्षित और सबल हों आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों से, बड़कर हैं जिससे देश का भविष्य सुरक्षित दिखाए दे रहा हैं।

( लेखक विधि विशेषज्ञ एवम स्तंभकार है)

## नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना

# योजना से शहरी क्षेत्र के पर्यावरण को रखा जा सकेगा प्रदूषण मुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश में ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुँचाया जायेगा। योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जायेगी। प्रदेश में नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के जरिये राज्य सरकार संकल्प-पत्र 2023 के अनुसार ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण के संकल्प को पूरा करेगी।

**योजना का स्वरूप:** योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित (रेट्रो फिटिंग) कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुँचाया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जायेगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना में लिये गये ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। हितग्राही को कोलेटरल सिक्योरिटी मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जायेगा। हितग्राही चयन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शर्तें निर्धारित की हैं। इसके अंतर्गत हितग्राही का नगरीय क्षेत्र में निवास करना आवश्यक रखा गया है। योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष तक के हितग्राही को मिलेगा, जो पूर्व से ऑटो रिक्शा संचालित कर रहा हो। चयनित हितग्राही के पास मोटर व्हीकल लायसेंस होना आवश्यक है। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकायों द्वारा जिला शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से किया जायेगा। हितग्राही को आवेदन-पत्र निःशुल्क प्राप्त होंगे।

**टास्क फोर्स समिति:** जिले में प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों के निराकरण के लिये टास्क फोर्स समिति गठित होगी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण समिति अध्यक्ष होंगे। अन्य सदस्यों में बैंक प्रतिनिधि और योजना प्रभारी को भी शामिल किया गया है। बैंकों द्वारा प्रकरण 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत किया जायेगा। इसके बाद नियत 15 दिन में ऋण वितरण किया जाना भी अनिवार्य किया गया है। बैंकों द्वारा किसी भी प्रकार की कोलेटरल सिक्योरिटी की माँग आवेदक से नहीं की जायेगी।

# आईएएस श्यामबीर को बीडीए की जिम्मेदारी, रूही खान को एमएसएमई मिला




**भोपाल।** केंद्र की प्रतिनियुक्ति से लौटे दो आईएएस अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। 2018 बैच के आईएएस श्यामबीर को भोपाल विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। बता दें इससे पहले वे इंटर कैडर डिपार्टमेंट के तहत जम्मू-कश्मीर में पोस्टेड थे। इसी साल 30 जनवरी को उन्हें वहां से रिलीव किया गया था। कश्मीर में धारा 370 लगने के बाद कुछ राज्यों के आईएएस डेपुटेशन पर कश्मीर भेजे गए थे। इनमें श्यामबीर भी शामिल थे। ये कश्मीर में दो जिलों में कलेक्टर भी रहे। दो माह पहले ही एमपी लौटे हैं। पोस्टिंग का इंतजार कर रहे थे। अब जाकर बीडीए में पोस्टिंग मिली है। मुख्य सचिव अनुराग जैन के आदेश पर 2013 बैच की आईएएस रूही खान को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) का उप सचिव बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए दो अधिकारियों की अस्थाई पदस्थापना की घोषणा की है। श्यामबीर सिंह नरवरिया मूल रूप से भिंड जिले के गोरमी क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव के रहने वाले हैं। इनके पिता का नाम सुरेश सिंह नरवरिया है। संघ लोक सेवा आयोग में चयन होने के बाद इन्हें लोधी समाज के गौरव से सम्मानित किया गया था। यूपीएससी 2018 की परीक्षा में इन्होंने 284 रैंक हासिल की थी। मौजूदा समय में भोपाल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप जैन थे लेकिन अब उनकी श्यामवीर को बीएडी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




भोपाल। नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकरणों का आपसी समझौते के साथ निपटारा किया जाएगा।

## नारायण दास खेमचंदानी का निधन



**भोपाल।** अत्यंत ही दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि K-1 इंद्रप्रस्थ सनसिटी कालोनी एयरपोर्ट रोड रहवासी स्व. श्री तोतलदास खेमचंदानी जी के सुपुत्र श्री नारायण दास खेमचंदानी जी वरिष्ठ अधिवक्ता ,पूर्व अध्यक्ष सिंधी सेंट्रल पंचायत संत हिरदाराम नगर,पूज्य सिंधी पंचायत एयरपोर्ट रोड के मुख्य सलाहकार,इंद्रप्रस्थ,सनसिटी, जन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष,लायंस क्लब संत हिरदाराम नगर डिस्ट्रिक्ट चैयरमेन,भोपाल उत्सव मेला समिति के सहसचिव जी का आकस्मिक निधन हो गया है जिन की अंतिम यात्रा आज दिनांक 08.03.2025 दिन शनिवार समय.शाम 5.30 बजे इन के निज निवास से संत हिरदाराम नगर विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**शोकाकुल**

डॉ.जी.टी खेमचंदानी माधवदास,स्व. दिलीप कुमार खेमचंदानी,संतोष साहू( भाई) सुनील खेमचंदानी( सुपुत्र) युवराज( पौत्र) कन्हैयालाल वीधानी, कैलाश कुमार बागजाई,सीतेश डोडेजा( दामाद) विजय, कुलदीप, राजू, प्रदीप,आशीष खेमचंदनी( भतीजे) स्व-किशनचंद आसुदानी,अशोक कुमार वाधवानी, कन्हैयालाल ज्ञानचंदानी,महेश कुमार नवलानी( बहिनोइ) एवं समस्त खेमचंदानी,साधवानी परिवार फर्म-ऐस. ऐम.ऐस रिटेल्स संत मेडिकल एजेंसी दवाबज़ार जानकी फार्म

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा में डीएम और एमसीएच के पाठ्यक्रम होंगे प्रारंभ: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रिक्त पदों की नियमित पूर्ति के दिए निर्देश




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ है। अल्प समय में ही इस अस्पताल की अपनी पहचान बन गई है। यहाँ पदस्थ चिकित्सकों ने गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज किया है। इसे और बेहतर बनाने की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों सहित सहयोगी स्टाफ के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया सतत जारी रखी जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि वॉकइन माध्यम से पदों की पूर्ति की कार्यवाही कराएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बाईपास सर्जरी के संबंध में डॉक्टर्स व सहयोगी स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में नियमित बाईपास किए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होंगे जिससे यहाँ अध्ययन करने वाले चिकित्सकों की सुविधाएं भी अस्पताल को मिलने लगेंगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों के पदोन्नति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण चल रहा है। इसे और गति देते हुए निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना विन्ध्य क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एमआरआई एवं नवीन कैथलैब शीघ्र स्थापित कर दी जाएगी। कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर प्रतिभा पाल, डीन डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ राहुल मिश्रा सहित चिकित्सक तथा निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विस्तार भवन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया।

**जटिल ऑपरेशन की सफलता पर चिकित्सकीय टीम को दी बधाई:** आयुष्मान योजना की सहायता से सिरमौर क्षेत्र के रहने वाले 39 वर्षीय दिनेश साहू का सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा में मिट्रल वाल प्रत्यारोपण का जटिल सफल आपरेशन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल पहुंच कर मरीज का हाल-चाल जाना और उपस्थित चिकित्सकों से मरीज की स्थिति जानी तथा सफल आपरेशन के लिये चिकित्सकों व स्टाफ को बधाई दी।

# मिलिए भारत की 10 सबसे अमीर और सफल करोड़पति महिलाओं से जिन्होंने छुई सफलता की नई ऊंचाइयां



भारत में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई हैं। बिजनेस, मनोरंजन, खेल और उद्यमिता के क्षेत्र में कुछ महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से अपार संपत्ति अर्जित की है। ये न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हैं बल्कि समाज में एक प्रेरणास्त्रोत भी बनी हैं। अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आइए जानते हैं भारत की 10 सबसे अमीर महिलाओं के बारे में...

1. **सवित्री जिंदल** ( 34.3 अरब डॉलर, जिंदल ग्रुप ) जिंदल ग्रुप भारत की सबसे अमीर महिला और जिंदल ग्रुप की प्रमुख। इस्पात और ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा कारोबार। सामाजिक कार्यों और राजनीति में भी सक्रिय। जिंदल ग्रुप को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

2. **रेखा झुनझुनवाला** ( 8 अरब डॉलर, टाइटन और अन्य कंपनियाँ ) दिवंगत निवेशक राकेश झुनझुनवाला की पत्नी और सफल निवेशक। टाइटन सहित कई कंपनियों में भारी निवेश। शेयर बाजार में गहरी समझ और अनुभव। भारतीय स्टॉक मार्केट में अहम योगदान।

3. **रेनुका जगतियानी** ( 5I6 अरब डॉलर, लैंडमार्क ग्रुप ) लैंडमार्क ग्रुप की सीईओ और प्रमुख। रिटेल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बड़ा नाम। वैश्विक स्तर पर कंपनी का विस्तार किया। खुदरा व्यापार में प्रभावशाली नेतृत्व।

4. **विनोद गुप्ता** ( 4.7 अरब डॉलर, हैवेल्स ) हैवेल्स ग्रुप से जुड़ी प्रमुख महिला उद्यमी। इलेक्ट्रिकल और उपभोक्ता उत्पादों में बड़ा कारोबार। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित। कंपनी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

5. **स्मिता कृष्णा-गोदरेज** ( 3.5 अरब डॉलर, गोदरेज ) गोदरेज समूह की बड़ी हिस्सेदार और उद्योगपति। उपभोक्ता वस्तुओं और रियल एस्टेट में योगदान। टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बिजनेस पर जोर। गोदरेज ग्रुप को नया विस्तार दिया।

6. **किरण मजूमदार-शॉ** ( 3.4 अरब डॉलर, बायोकॉन ) बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री की दिग्गज महिला। बायोकॉन के जरिए हेल्थकेयर में क्रांति लाई। रिसर्च और दवाओं के विकास में अग्रणी। भारतीय महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत।

7. **राधा वेंबु** ( 3.2 अरब डॉलर, ज़ोहो कॉर्पोरेशन ) ज़ोहो कॉर्पोरेशन की सह-संस्थापक। क्लाउड-बेस्ड सॉफ्टवेयर में बड़ा नाम। टेक इंडस्ट्री में भारत की मजबूत उपस्थिति। आईटी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया।

8. **अनु आगा** ( 3.1 अरब डॉलर, थरमैक्स ) थरमैक्स की पूर्व चेयरपर्सन और उद्योगपति। ऊर्जा और पर्यावरण उद्योग में विशेषज्ञ। सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका। भारतीय इंडस्ट्री में महिला नेतृत्व का उदाहरण।

9. **लीना तिवारी** ( 3.0 अरब डॉलर, यूएसवी फार्मा ) यूएसवी फार्मा की प्रमुख और सफल उद्यमी। दवा और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में बड़ा नाम। इनोवेशन और रिसर्च को प्राथमिकता। भारतीय हेल्थ सेक्टर में योगदान।

10. फाल्गुनी नायर ( 2.9 अरब डॉलर, नायका ) नायका की संस्थापक और सीईओ। ब्यूटी और फैशन ई-कॉमर्स में क्रांति लाई। महिलाओं के लिए स्टार्टअप प्रेरणा बनीं। बिजनेस जगत में बड़ी पहचान बनाई।

सी.एम. ब्लॉग, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष

# महिला सशक्तिकरण: विकसित राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ



**डॉ. मोहन यादव**

-नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति

-नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है, भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है।

भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, प्रथमा रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूँ।

विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन देश में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इन योजनाओं का अनुकरण अन्य प्रांतों ने भी किया। इस तरह मध्यप्रदेश, देश में महिला सशक्तिकरण के लिए अग्रणी प्रांत बन गया।

प्रधानमंत्री जी ने हमें विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है। यदि सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जायेंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी। इसीलिए भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप हमने प्रदेश में आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता और नारी सम्मान के लिये 19 स्थानों को नशामुक्त करने का निर्णय लिया है। इससे हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहेगी, नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी, घरेलू हिंसा में नियंत्रण के साथ महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि शराबबंदी से आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता के साथ महिलाओं के सम्मान को लेकर



सकारात्मक बदलाव आयेगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भारत विकास की नई करवट ले रहा है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए ज्ञान के सम्मान का मंत्र दिया है। इसके अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। विकास के आधार स्तम्भ में से एक, महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और विमेन लीड डेवलपमेंट के प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए प्रदेश में पहली बार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किया गया है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुँच में सुनिश्चितता, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन और समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रयास शामिल हैं। नारी शक्ति मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं।

भारतीय जीवनशैली में महिलाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हम जितने अधिक अवसर बहन-बेटियों को देंगे, सुविधाएँ देंगे तो वे समाज को कई गुना लौटाकर देंगी।

महिला शक्ति से देश नई ऊँचाई तक पहुँच सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। समय के साथ शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उनकी भूमिका बढ़ रही है। श्री मोदी जी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया जिससे महिलाओं की भूमिका न केवल परिवार और समाज के विकास में अग्रणी रहे, अपितु विकसित भारत अभियान में भी उनकी सहभागिता हो। प्रधानमंत्री जी ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व-रोज़गार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित किया है। मेरा मानना है कि नारी का गौरव राष्ट्र के सपने पूरे करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मान और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनप्रतिनिधित्व में एक-तिहाई महिलाओं को शामिल किया है। मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है। मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की यूनिसेफ ने सराहना की है।

प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें महिलाओं को बड़ी संख्या में रोज़गार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। हम हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नीतियाँ लेकर आये हैं। इनमें एमएसएमई विकास नीति में महिला उद्यमी इकाई को विशेष लाभ का प्रावधान है। ड्रोन संवर्धन नीति में हमारी ड्रोन दीदी योजना अधिक विस्तारित होगी। हमारी स्व-सहायता समूह की बहनें माननीय प्रधानमंत्री जी के लोकल से ग्लोबल के लक्ष्य को धरातल पर उतार रही हैं। प्रदेश में लगभग पाँच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने स्वावलंबन का जनांदोलन खड़ा कर दिया है। प्रदेश की बीपीएल श्रेणी की 4 लाख से अधिक महिलाएँ लखपति दीदी बन गई हैं। मध्यप्रदेश में महिलाओं के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के नये आयाम विकसित हुए हैं। वे सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी होकर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं, मुझे पूरी उम्मीद है कि इससे बेटा-बेटी, महिला-पुरुष के बीच का भेदभाव समाप्त होगा। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज, सरकार और कानून सभी का समान रूप से सहयोग आवश्यक है तभी हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मैं प्रदेश की सभी बहनों को यह विश्वास दिलाता हूँ कि मध्यप्रदेश सरकार और उनका भाई उनके साथ है।

व्यक्ति, परिवार और समाज निर्माण के केन्द्र में नारी है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने विकसित भारत निर्माण के लिए महिला स्वावलंबन और सम्मान की बात कही है। उन्होंने विश्व में भारत को सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित करने का जो संकल्प लिया है, यह तभी संभव है जब भारत का हर वर्ग, हर क्षेत्र आत्मनिर्भर और सशक्त होगा। जब नारी मानसिक, बौद्धिक और आर्थिक रूप से सशक्त होगी, समृद्ध होगी, आत्मनिर्भर होगी तभी परिवार, समाज, प्रदेश और राष्ट्र सशक्त बनेगा।

आइये, हम सब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी को सशक्त बनाने का संकल्प लें। इस संकल्प के क्रियान्वयन से ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन सार्थक होगा।


( लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )

# आओ 'पन्नाधाय' को दिल में बसाते हैं आज

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। महिला दिवस के बारे में कहा जाता है कि रूस में 1917 की क्रांति के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई और बेहतर अधिकारों की मांग की। महिलाओं के इस आंदोलन ने वहां की सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया, और उन्हें वोटिंग का अधिकार मिला। यह प्रदर्शन 8 मार्च को हुआ था, इसलिए इस तारीख को महिला दिवस के रूप में चुना गया। बाद में, संयुक्त राष्ट्र ने 1977 में आधिकारिक रूप से 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस घोषित कर दिया। तब से लेकर अब तक, यह दिन महिलाओं के सम्मान और उनके हक की लड़ाई का प्रतीक बन चुका है। हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। साल 2025 की थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' रखी गई है, जिसका अर्थ है तेजी से कार्य करना।

पर हम बात करते हैं पन्ना धाय की। 8 मार्च 2025 यानि आज इनकी 514वीं जयंती है। इनके त्याग की बराबरी कोई और नहीं कर सकता। पन्नाधाय ने मेवाड़ के कुंवर राणा उदय सिंह को बचाने के लिए अपने पुत्र चंदन का सहर्ष बलिदान दिया। इसी बलिदान के कारण राणा उदय सिंह के पुत्र महाराणा प्रताप सिंह को इतिहास में हल्दी घाटी के शेर के रूप में जाना जाता है। पन्नाधाय को सर्वोत्कृष्ट बलिदान के लिए जाना जाता है। पन्ना धाय, राणा सांगा के पुत्र राणा उदयसिंह की धाय माँ थी। वह एक खींची चौहान राजपूत थी, इसी कारण उन्हें पन्ना खींचन के नाम से भी जाना गया है। राणा साँगा के पुत्र उदयसिंह को माँ के स्थान पर दूध पिलाने के कारण पन्ना 'धाय माँ' कहलाई थी। रानी कर्णावती ने बहादुरशाह द्वारा चित्तौड़ पर हमले में हुए जौहर में अपना बलिदान दे दिया था और उदयसिंह के लालन पालन का भार पन्ना को सौंप दिया था। वहीं दासी पुत्र बनवीर चित्तौड़ का शासक बनना चाहता था। बनवीर एक रात महाराणा विक्रमादित्य की हत्या करके उदयसिंह को मारने के लिए उसके महल की ओर चल पड़ा। एक बारी (पत्तल आदि बनाने वाले) ने पन्ना खींची को इसकी सूचना दी। पन्ना राजवंश और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग थी व उस पर उदयसिंह की रक्षा का भार था। उसने उदयसिंह को एक बांस की टोकरी में सुलाकर उसे पत्तलों से ढककर एक बारी जाति की महिला के साथ चित्तौड़ से बाहर भेज दिया। बनवीर को धोखा देने के उद्देश्य से अपने पुत्र को जो कि उदयसिंह की ही आयु का था, उदयसिंह के पलंग पर सुला दिया। बनवीर रक्तरंजित तलवार लिए उदयसिंह के कक्ष में आया और उसके बारे में पूछा। पन्ना ने उदयसिंह के पलंग की ओर संकेत किया जिस पर उसका पुत्र सोया था। बनवीर ने पन्ना के पुत्र को उदयसिंह समझकर मार डाला।



पन्ना अपनी आँखों के सामने अपने पुत्र के वध को अविचलित रूप से देखती रही। बनवीर को पता न लगे इसलिए वह आंसू भी नहीं बहा पाई। बनवीर के जाने के बाद अपने मृत पुत्र की लाश को चूमकर राजकुमार उदयसिंह को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए निकल पड़ी। पन्ना और उसके विश्वासपात्र सेवक उदयसिंह को लेकर मुश्किलों का सामना करते हुए कुम्भलगढ़ पहुँचे। कुम्भलगढ़ का किलेदार आशा देपुरा था, जो राणा सांगा के समय से ही इस किले का किलेदार था। आशा की माता ने आशा को प्रेरित किया और आशा ने उदयसिंह को अपने साथ रखा। उस समय उदयसिंह की आयु 15 वर्ष की थी। मेवाड़ी उमरावों ने उदयसिंह को 1536 में महाराणा घोषित कर दिया और उदयसिंह के नाम से पट्टे-परवाने निकलने आरंभ हो गए थे। उदयसिंह ने 1540 में चित्तौड़ पर अधिकार किया।

मेवाड़ के इतिहास में जिस गौरव के साथ प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप को याद किया जाता है, उसी गौरव के साथ पन्ना धाय का नाम भी लिया जाता है, जिसने स्वामिभक्ति को सर्वोपरि मानते हुए अपने पुत्र चन्दन का बलिदान दे दिया था। इतिहास में पन्ना धाय का नाम स्वामिभक्ति के लिये प्रसिद्ध है। विश्व इतिहास में पन्ना के त्याग जैसा दूसरा दृष्टांत अनुपलब्ध है।अविस्मरणीय बलिदान, त्याग, साहस, स्वाभिमान एवं स्वामिभक्ति के लिए पन्नाधाय का नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। कई जाने माने लेखकों ने पन्ना पर आधारित कविताएँ और नाटक लिखे है। भारत रत्न गोविंद वल्लभ पंत द्वारा लिखित नाटक राजमुकुट में पन्ना के बलिदान का बहुत अच्छा चित्रण किया गया। डाक्टर राजकुमार वर्मा ने पन्ना पर आधारित एकांकी दीपदान लिखी है, जो कि कई पाठ्यक्रमों में सम्मिलित है।वीरांगना पन्ना, 1934 में हर्षदराय सकेरलाल मेहता द्वारा बनाई गई एक मूक फिल्म है। पन्ना दाई 1945 में बनी फिल्म है। इस फिल्म के मुख्य पात्र दुर्गा खोटे, चंद्र मोहन, मीनाक्षी थे।

बलिदान के मामले में पन्नाधाय की बराबरी कोई नहीं कर सकता। ऐसी सूझबूझ का उदाहरण भी कहीं और नहीं मिलता। रूस की महिलाओं का संघर्ष अपनी जगह है। पर पन्नाधाय का बलिदान शिरोधार्य और 'भूतो न भविष्यति' की तरह है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'पन्नाधाय' की जयंती पर आओ उन्हें दिल में बसाते हैंइसी बहाने सही उन्हें याद कर हम गर्व से भर जाते हैं।

# दवा और उसकी क़ीमतें

**राकेश दुबे**

इसे सिर्फ़ दुरभाग्य ही कहा जा सकता है कि आज भी देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस रहे हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स 'डाक्टर' के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है।

एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते।

यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है।

दरअसल, अस्पताल की फार्मेसी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निर्माताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केंद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। निश्चित रूप से औषधि विनियामक प्रणाली में सुधार करने से तमाम असहाय रोगियों की परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट बताती है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों का खर्च सात गुना होता है। खासकर कोरोना काल के बाद चिकित्सा खर्च में खासी बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर उचित गाइडलाइंस बनानी चाहिए। निजी अस्पतालों व मरीजों के हितों के मद्देनजर राज्य सरकारों के संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# समाज को प्रेरणा देती हैं अपने संघर्ष, अपनी सफलता सुनाती महिलाएं

**अमिताभ पाण्डेय**




देश - प्रदेश - विदेश की महिलाएं आर्थिक, सामाजिक रुप से सशक्त हों इसके लिए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं को प्रगति करने की प्रेरणा देता है। महिलाओं के उत्साह को बढ़ाता है। उनके हक - अधिकार की आवाज को बुलन्द करता है। हमारे समाज में जो महिलाएं विपरीत परिस्थितियों के बीच काम करते हुए सफलता के मुकाम पर किस तरह पहुंच रही है। यह जानना जरूरी है। अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करके सफलतापूर्वक समाज में सम्मानजनक स्थान बनाने वाली महिलाओं की जिंदगी का सफर वे खुद ही बयान करें तो भला इससे बेहतर और क्या हो सकता है ?

सामाजिक, आर्थिक समस्याओं से संघर्ष कर सफलता पाने वाली कुछ ऐसी ही महिलाओं को अपनी कहानी सुनाने का अवसर आकाशवाणी ने उपलब्ध कराया।

आकाशवाणी मध्यप्रदेश और यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बदलाव की कहानियां साझा करने के उद्देश्य से हाल ही में एक आयोजन किया गया। इसमें समाज की ऐसी महिलाओं को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता हासिल की और समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया. इस महिलाओं में भोपाल के एक समूह का एक युवा भी शामिल था जो लिंग भेद पर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इन कहानियों में सरपंच रानी भार्गव, बैडमिंटन खिलाड़ी और यूनिसेफ इंडिया यूथ एडवोकेट मूकबधित बेडमिंटन खिलाडी गौरांशी शर्मा, ट्रक ड्राइवर योगिता रघुवंशी, जंगलवास की साक्षी भारद्वाज, काउंसलर पल्लवी शर्मा, उद्यमी और जैविक किसान प्रतिभा तिवारी, प्रीति उइके और जेंडर चैंपियन आदर्श पासी की कहानियां शामिल थीं। इन सभी ने अपनी कहानियों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष साझा किया इन्होने बताया कि कैसे उन्होंने सामने आई चुनौतियों पर काबू पाने में सक्षम बने और अपनी बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़े। इनमें शामिल थे बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी, जिसने डेफलंपिक्स में मिश्रित युगल पदक जीता, मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने वाली महिला परामर्शदाता पल्लवी, लिंग पर काम करने वाली सरपंच रानी भार्गव, बाल पंचायत और लिंगभेद पर काम करने वाला युवा आदर्श। इसमें डॉ. साक्षी भारद्वाज की कहानी भी है, जो शहरी वानिकी पर काम कर रही हैं और भोपाल में जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ा रही हैं और डॉ. प्रतिभा तिवारी, जिन्होंने कैंसर से लड़ाई लड़ी और अब दूसरों की मदद करने के लिए काम कर रही हैं। इन कहानियों को सुनने के लिए आकाशवाणी भोपाल, रेडियो लेकसिटी वॉयस, रेडियो आज़ाद हिंद और सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों के रेडियो पेशेवर एकत्रित हुए.

परिवर्तन करने वालों की कहानियों को भी आकाशवाणी द्वारा प्रसारण किया जायेगा और साथ है रेडियो चैनलों और उपस्थित सभी लोगों के सोशल मीडिया चैनलों पर साझा किया जाएगा। महिला दिवस को 'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए- अधिकार, समानता, सशक्तिकरण' थीम के साथ चिह्नित करने के लिए परिवर्तन की कहानियों को कवर किया गया। आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट ने इस अवसर पर कहा कि रेडियो और विशेष रूप से आकाशवाणी ने महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा। आकाशवाणी ने अपने सभी कार्यक्रमों में इन कहानियों के लिए मंच प्रदान किया है और आज हमने जो कहानियाँ सुनीं, उन्हें हमारे मंचों पर भी साझा किया जाएगा।

अनिल गुलाटी, प्रभारी अधिकारी यूनिसेफ मध्य प्रदेश ने यूनिसेफ के साथ भागीदारी करने और परिवर्तन करने वालों के लिए मंच प्रदान करने के लिए आकाशवाणी को धन्यवाद दिया। आपकी परिवर्तन की कहानी दूसरों को लैंगिक समानता और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करेगी और इन परिवर्तन करने वालों को आगे आकर अपनी कहानी साझा करने के लिए धन्यवाद दिया।

डॉ. प्रशांत कुमार, स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ ने मानसिक स्वास्थ्य विशेष रूप से किशोर मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों के जीवन पर इसके प्रभाव के महत्व पर बात की। पूजा सिंह, सामाजिक विशेषज्ञ ने महिला दिवस की थीम पर बात की और कहा कि हमने बहुत कुछ हासिल किया है लेकिन समाज में पूर्ण लैंगिक समानता के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए अभी भी एक यात्रा तय करनी है।

आकाशवाणी भोपाल क्लस्टर हेड और उपमहानिदेशक यशवंत एच. चिवंडे ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये । अनामिका चक्रवर्ती, कार्यक्रम अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। आकाशवाणी भोपाल के अनाउंसर्स शिवांगी सिंह, अनूप कुमार, अभिषेक शर्मा और मौलश्री सक्सेना ने कहानियों और कार्यक्रम का संचालन किया।

इस कार्यक्रम में डॉ. रचना दुबे, निदेशक आईईसी स्वास्थ्य सेवाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश सरकार महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने के लिए शक्ति नामक वॉकथॉन का आयोजन कर रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं , संपर्क - 9424466269 )

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि। नं। भोपाल डिवी. 48 म.प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail—com, वेबसाइट: dainiksandhyaprakashÐin

# आंगनबाड़ी केंद्र में लापरवाही पर एसडीएम की कार्रवाई

**सांध्यप्रकाश.इटारसी।** जनपद पंचायत केसला के ग्राम चंदकिया में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 71 कि सहायिका भारती उइके द्वारा अपने कर्तव्यों से निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं निर्धारित समय पर केंद्र पर उपस्थित न होने कि शिकायतों के चलते आंगनबाड़ी परिजना अधिकारी के प्रतिवेदन पर एसडीएम द्वारा कार्रवाई की गई। शिकायतों की जांच एवं सत्यापन के उपरांत यह पाया गया कि सहायिका भारती उइके अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन नहीं कर रही थीं, जिसका आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास केसला द्वारा प्रस्तुत अभिव्यावेदन पर टी प्रतिक राव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी द्वारा उनकी सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुचारू रूप से संचालित हों और लाभार्थियों को उचित सेवाएँ प्रदान की जाएं। भविष्य में इस प्रकार की किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, एवं आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चौरसिया समाज महिला संगठन का हुआ गठन

**नैनपुर।** जैसवाल धर्मशाला में चौरसिया समाज की बैठक आयोजित की गई बैठक में दीप प्रज्वल पूजा पाठ के उपरांत समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया साथ ही महिला मंडल कार्यकारणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई जिसमें संरक्षक श्रीमती सुशीला घनश्याम चौरसिया जी (पार्षद वार्ड क्रमांक 4) गौरा रामकुमार चौरसिया, पुष्पा मनोज चौरसिया, उर्मिला स्वर्गीय संतोष चौरसिया समाज की मनोनीत महिला अध्यक्ष लता विनोद चौरसिया, उपाध्यक्ष संध्या संतोष चौरसिया, उपाध्यक्ष सीमा शिव चौरसिया सचिव अमृता राजेश चौरसिया, सहसचिव श्रीमती अर्धिका अरविंद चौरसिया कोषाध्यक्ष श्रीमति श्रुति प्रदीप चौरसिया एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती शशि सतीश चौरसिया श्रीमती शर्मिला संजय चौरसिया श्रीमती रानी सुनील चौरसिया श्रीमती कविता अजय चौरसिया श्रीमती पायल मुकेश चौरसिया श्रीमती अंकिता नितेश चौरसिया श्रीमती खुशबू चंद्रशेखर चौरसिया श्रीमती सुनीता सत्येंद्र चौरसिया जी श्रीमती कामिनी निश्चल चौरसिया श्रीमती बबीता दिनेश चौरसिया श्रीमती माया गजेंद्र नाथ चौरसिया को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया बैठक की की अध्यक्षता चौरसिया समाज के अध्यक्ष माननीय सतीश चौरसिया के द्वारा की गई बैठक में वरिष्ठ पत्रकार राम कुमार चौरसिया अशोक चौरसिया संतोष चौरसिया मनोज चौरसिया बबलू प्रदीप चौरसिया के द्वारा अपने विचार रखे गए दोनों निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए समाज के इस भव्य आयोजन के लिए सभी सम्माननीय सामाजिक बंधुओं का मातृ शक्तियों का युवा साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# विधायक ने अधिकारियों की ली बैठक, समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश




**सिरोंज।** शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय के कक्ष में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिशा निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। श्री शर्मा ने विभाग बार निर्माण कार्यों की समीक्षा की जिसमेंअधिकारियों ने अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यों से विधायक को अवगत कराया। वहीं मार्च में किसी कारण से बजट लैप्स ना हो उस बात का भी ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान हर्षल चौधरी, एसडीएम लटेरी विनीत तिवारी, सी ई ओ श्रीमती वंदना शर्मा, लटेरी सी ई ओ उदय प्रताप, सीएम ओ राम प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन

**छतरपुर।** (उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार से फार्मास्युटिकल सेक्टर मे विकास की असीम संभावनाएं÷डॉ अमित जैन) श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के द्वारा प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफ की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य पर ÷फार्मा और फार्मेसी प्रैक्टिस में उद्यमिता और स्टार्टअप- नवाचार, इनक्यूबेशन सेंटर और फार्मास्युटिकल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना÷ विषय पर राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस मनाया गया। अपने व्याख्यान के दौरान कार्यक्रम के संयोजक और संकाय प्रमुख डॉ. अमित कुमार जैन ने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज की विकास की संभावनाओं एवम् विकास मे स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर, उद्यमशीलता और नवाचारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ जैन ने देश विदेश मे संचालित फार्मेसी से संबंधित स्टार्टअप्स के योगदान के बारे बताया। साथ ही स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर, उद्यमशीलता और नवाचारों के लिए भारत सरकार की योजनाओं के बारे मे अवगत कराया। युवाओं के लिए नवाचार और उद्यमिता महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करते हैं।

# गौ हत्यारों ने काट डाला गर्भस्थ जिंदा गाय को, गौ रक्षकों ने जान पर खेलकर पकड़ा गौ हत्यारे को

## घटना के बाद बने तनाव के हालात ,आक्रोशित हिन्दू समाज ने रखा दमोह बंद, कड़ी कार्यवाही के आश्वाशन के बाद समाप्त हुआ धरना, घटनास्थल के अवैध अतिक्रमण किए ध्वस्त



**दमोह।** गोवंश तस्करी और गोवंश हत्याओं की घटनाओं को लेकर चर्चित जिले में शुक्रवार तड़के एक गर्भवती गाय को जिंदा काटे जाने का मामला सामने आया। गौ हत्यारों द्वारा एक मकान में गाय को काटा जा रहा था और इसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे गौ रक्षकों ने अपनी जान पर खेल कर गाय को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने गौ रक्षकों पर हमला करते हुए उन पर देसी कट्टे से फायर भी किया और मौके से भागने के का प्रयास करने लगे। इस झड़प के बीच गौ रक्षकों ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया लेकिन अन्य आरोपी भागने में कामयाब हुए। मामला सामने आने के बाद हिंदूवादी संगठनों सहित आमजनों में आक्रोश की लहर दौड़ गई और बंद की घोषणा के साथ ही लोग इस घटना पर विरोध जताते हुए सड़कों पर उतर आए। हालातो को देखकर पुलिस प्रशासन ने भी आनन फानन में कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आसपास के अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

### सूचना पर पहुंचे गौ रक्षक

जानकारी अनुसार हिंदूवादी संगठनों और गौ रक्षकों को शुक्रवार तड़के सुबह करीब 4÷30 बजे यह सूचना मिली की कुछ लोग एक गाय को काटने के लिए ले जा रहे हैं। इसकी सूचना तत्काल ही पुलिस प्रशासन को दिए जाने के बाद करीब एक दर्जन गौ रक्षक जिसमें अजय खत्री, सत्यम चौरसिया, सनी, आयुष, मोहित राज, अभिषेक, गोलू, रुद्र, अभि,निखिल ठाकुर, श्रवण पाठक, दीपक नेमा, रोहित, लकी, लोकेश, पवन रजक शामिल थे कोतवाली थाना क्षेत्र के सीताबावड़ी क्षेत्र पहुंचे और उनके द्वारा सूचना की पुष्टि की जाने लगे। इस दौरान वहां पर बने एक मकान में उन्हें कुछ हलचल प्रतीत हुई जिसमें बाहर से ताला डाला हुआ था लेकिन दरवाजा का पल्ला खुला हुआ था। गौ रक्षक जब उक्त मकान में पहुंचे तो बाकी हालत देखकर वह सकते में आ गए। यहां पर कुछ लोग एक गाय को काट रहे थे और उनके द्वारा उसकी खाल और पैर को काटा जा चुका था और सारा कमरा खून से भरा हुआ था।

### आरोपियों ने कर दिया हमला

गौ रक्षकों को देखते ही आरोपियों ने उन पर एकाएक हमला कर दिया। बताया जा रहा था कि मकान के बाहरी हिस्से में 4 लोग मकान के अंदर 4 लोग उस समय मौजूद थे। वहीं कुछ अन्य लोग मकान के आसपास भी खड़े हुए थे। मकान के अंदर मौजूद आरोपियों ने हथियारों से हमला करते हुए देसी कट्टे से फायर इस दौरान किए और और वह वहां से भागने का प्रयास करने लगे। इस दौरान गौ रक्षक दो आरोपियों को मकान के अंदर पकड़ने में सफल हो गए और एक अन्य आरोपी भाग कर एक दूसरे मकान में छिप गया था, जिसे भी बाद में उनके द्वारा पकड़ लिया गया, लेकिन शेष आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भागने में कामयाब हो गए। देसी कट्टे से हुए फायर और झड़प के चलते गौ रक्षक लोकेश, आयुष,पवन और लकी घायल हुए हैं।

### हालातों को देख हरकत में आई पुलिस

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की तत्काल हरकत में आई और मौके पर पुलिस बल पहुंचा। उनके द्वारा हिंदूवादी संगठनों के द्वारा पकड़े गए आरोपियों को हिरासत में लेते हुए मौका स्थल पर पड़े अवशेषों को पशु चिकित्सक के पास चिकित्सीय परीक्षण के लिए ले जाया गया जहां मृत गाय के गर्भवती होने की पुष्टि हुई।

### घटना के बाद आक्रोशित हुए आमजन

तड़के सुबह हुई इस घटना की जानकारी सुबह होते-होते आम जनों को होने लगी और सोशल मीडिया पर घटनास्थल के जो दृश्य सामने आए उससे लोगो में आक्रोश की लहर फैल गई। आक्रोश के दौरान हिंदूवादी संगठनों ने घटना पर रोष जताते हुए बंद का ऐलान कर दिया और साथ ही वह उग्र आंदोलन और विरोध की भी तैयारी करने लगे। बंद की घोषणा होते ही व्यापारियों ने भी अपना समर्थन दिया और सुबह खुल जा रहे प्रतिष्ठान एकाएक फिर बंद होने लगे और प्रदर्शन के लिए घंटाघर पर हिंदूवादी संगठनों के जमावड़े के साथ लोगों की भीड़ भी एकत्रित होना शुरू हो गई। इस दौरान हालातों को संभालने के लिए मौके पर सीएसपी अभिषेक तिवारी,कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज, देहात थाना प्रभारी मनीष कुमार, हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, यातायात थाना प्रभारी दलवीर सिंह मार्को, जबलपुर नाका चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार और सागर नाका चौकी प्रभारी नीतेश जैन मौजूद रहे।

### प्रशासन ने शुरू की कार्यवाही

घटना और लोगों के आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन भी तेजी से हरकत में आया और सीता बावड़ी क्षेत्र में सुबह होते ही पुलिस प्रशासन और नगर पालिका का अमला पहुंचा और जिस मकान में गाय को काटा गया था उस मकान सहित आसपास अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को ध्वस्त किया जाने लगा। इस दौरान कई ऐसे अतिक्रमण तोड़े गए जिनके माध्यम से असामाजिक तत्व अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार मोहित जैन, सीएमओ प्रदीप शर्मा सहित पुलिस, प्रशासन और नगरपालिका का अमला मौजूद रहा। दूसरी ओर पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों कल्लू उर्फ शमशेर कुरैशी, रेखा पत्नी शमशेर कुरैशी, शादाब कुरैशी, समीर कुरैशी, नवाजिश कुरैशी पर कोतवाली थाना में बीएनएस की धारा 299,192 सहित गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं गौ रक्षक पवन रजक की शिकायत पर पुलिस ने उक्त आरोपियों पर बीएनएस की धारा 296, 109(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

# आगामी त्यौहार होली को लेकर लगातार दूसरे दिन आबकारी की बड़ी कार्यवाही

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन मैं वंदना पाण्डेय सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश से कंट्रोलर सुदीप तोमर के निर्देशन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सरिता चंदेल के नेतृत्व मे दो आबकारी उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है जो अवैध शराब प्रतिदिन कार्यवही करेगा पर जिसके द्वारा जिले मे ओबेदुल्लागंज अंतर्गत ग्राम भोई के जंगलों मैं ,अर्जुन नगर ,बरखेड़ा, ताजपुरा, दिवतिया और बेगमगंज स्थित ,सिलवानी,चुनहेटीया, मोहन पिपरिया, चंदन पिपलिया,जमुनिया ग्राम मैं दबिश दी गयी जिसमे 16 प्रकरण दर्ज हुए 9 लोगो को मोके पर गिरफ्तार किया गया कार्यवाही मे 320 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब 45 पाव मसाला55पाव प्लेन 12 बोतल बियर जब्त की गई एवं लगभग 3000 द्मद्द महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया जिसका मूल्य 373150रुपये है,कार्यवाही मैं उड़न दस्ता दलों का नेतृत्व रविंद्र अहिरवार आबकारी उप निरीक्षक एवं मुकेश श्रीवास्तव आबकारी उप निरीक्षक द्वारा किया गया कार्यवाही मैं राजेश विश्वकर्मा , गौरव भद्रसेन का योगदान रहा ऐसी प्रतिदिन की कार्यवाही से होली पर



अवैध शराब विक्रय में अंकुश लगेगा पूर्व मे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही मैं सीता पार बमोरी के जंगलों में पड़ाव के जंगलों, सिंधी कैंप बाड़ी ,अमरवाद, सोन्थर सोसाइटी कामतोंन कसिया सेमरी पंप हाउस,तामोट, सररई, , अर्जुन नगर ,मंडीदीप नया पुरा दिवतिया जैसे कच्ची एवं अवैध शराब के विक्रय स्थलों पर बड़ी कार्यवाही की गई थी जिसमे कई सौ लीटर अवैध शराब एवं हजारो किलो महुआ लहान जब्त किया गया था इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही से अवैध शराब के निर्माण विक्रय संग्रहण एवं परिवहन मैं कमी आएगी सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय द्वारा बताया गया कि आगामी होली पर्व के मद्देनजर विशेष उड़ान दस्तक दलों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन ऐसी कार्यवाही करेंगे

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना मुस्कान संस्था में

**सांध्य प्रकाश.इटारसी।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से मुस्कान संस्था में मनाया गया।इस दौरान मंगल दिवस उत्सव पर गर्भवती महिलाओं की गोद के साथ-साथ नन्हे मुन्ने बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया।

महिला दिवस के आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ,सभापति गीता पटेल ,सभापति नाजिया बेगम, पार्षद रमा चंद्रवंशी एवं सभापति अम्रता मनीष ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बताया गया कि मंगल दिवस के उपलक्ष में महिला बाल विकास लगातार समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर महिलाओं के लिए उत्साहजनक कार्य करते हैं ,इसी तारतम्य में मुस्कान संस्था परिवार के सहयोग से हमने गोद भराई



अन्नप्राशन , जन्मोत्सव, एवं गोद भराई का आयोजन किया।

संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने कहा कि हम कोरोना काल से लगातर बेटियों की गोद भराई का कार्यक्रम करते आ रहे है। एवं कॉल सेंटर की मदद से हम उन्हें पोषण आहर ,स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे कार्य के लिए प्रयास करते है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर एवं मुस्कान परिवार की ऋतु राजपूत ,मोना जॉनसन, रानी राजपूत, ज्योति आनंद, सहित अनेक महिलाएं आदि उपस्थित रही।

# नगर के सभी मुख्य मार्गों से सख्ती के साथ हटाए जाएं अतिक्रमण



**सिवनी।** जिला मुख्यालय में शहर के अंदर मॉडल रोड के निर्माण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने की मुहिम भी शुरू की जा चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा पहले ही सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था, जिसकी समय-सीमा 7 मार्च को समाप्त हो चुकी है। आज जिला प्रशासन ने 8 मार्च सुबह से ही अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिसकी शुरुआत नगर पालिका के सामने लगी लोहे की रेलिंग को उखाड़कर करते हुए की वहीं दूसरी टीम ने पूरे लाल लश्कर के साथ शंकर मढ़िया के आगे जायसवाल बिल्डिंग पर धावा बोलकर अतिक्रमण के हिस्से में आये हिस्से को नेस्तनाबूत कर दिया।

नागपुर रोड जोडा पुल से ज्यारत नाके तक चलेगी कार्रवाई- प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मुख्य रूप से नागपुर की ओर पर स्थित जोडापुल से लेकर जबलपुर की ओर ज्यारत नाके के बीच आने वाले मार्ग पर की जाएगी। इस दौरान सभी स्थायी (परमानेंट) एवं अस्थायी (टेंपरेरी) अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस देकर स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया था, लेकिन समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब बलपूर्वक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब किसी भी प्रकार की छूट या रियायत नहीं दी जाएगी और जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, उन्हें मजबूरन प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी- अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, राजस्व अमला, नगरपालिका अमले की पूरी मुस्तैदी के साथ तैनाती की जाएगी ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध प्रदर्शन की स्थिति को संभाला जा सके।मॉडल रोड प्रोजेक्ट को मिलेगी गति- गौरतलब है कि सिवनी में मॉडल रोड प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर है जिसके अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्याकरण और अन्य आधारभूत संरचनाओं को विकसित किया जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस अभियान के बाद मॉडल रोड प्रोजेक्ट में तेजी आएगी और शहर को एक नया स्वरूप मिलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कौशल विकास प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न




**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर ओबेदुल्लागंज में आयोजित कार्यक्रम में 300 महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी जैसे कौशल विकास पाठ्यक्रमों के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में 350 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति रही मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विशेष अतिथि भोपाल रत्न डॉ. कनिका शर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि महिलाएँ कैसे इनका लाभ उठा सकती हैं। वार्ड 2 की पार्षद श्रीमती भारती सेठी, ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या, स्टाफ, शिक्षकगण, और स्थ्रठ्ठस्द्गठ्ठ एनजीओ की सचिव सहित सभी प्रशिक्षक इस अवसर पर उपस्थित थे।(सोसाइटी फॉर एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) एनजीओ पिछले 13 वर्षों से ग्वालियर, इंदौर, भोपाल और रायसेन जिलों में सक्रिय है। ओबेदुल्लागंज में पिछले 5 वर्षों से कार्यरत इस संगठन ने अब तक 1200 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से अधिकांश आज आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का समर्थन कर रही हैं। डॉ. सोनल मेहता ने एनजीओ के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।÷कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे उनमें आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ। यह आयोजन महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने दमोह की प्रज्ञा को सम्मानित किया




**दमोह।** नारी शक्ति और उनमें उपलब्धियां के प्रति उत्साह के लिए सरकार हमेशा ही आगे बढ़ाने में लगातार प्रयासरत है और आगे भी सरकार महिलाओं के प्रति सजग है नारी शक्ति देश का गौरव है इनका सम्मान देश का सम्मान है ऐसे ही एक नारी शक्ति जिसने ना सिर्फ अपने दमोह शहर का नाम रोशन किया बल्कि प्रदेश को गौरविन्त किया है महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में दमोह की प्रज्ञा को राज्यपाल ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया है बता दें कि प्रज्ञा पीएम श्री पीजी कॉलेज की एम ए समाजशास्त्र की छात्रा थी जिन्होंने एम ए के प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया था प्रज्ञा आगे भी अपनी पढ़ाई जारी रखकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं आपको बता दें प्रज्ञा स्वर्गीय प्रदीप साहू की पुत्री है जो अपनी सेवाएं कलेक्ट्रेट में एडीएम स्टेनो के रूप में दे चुके हैं जिसको लेकर सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कांमना की।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस- नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी द्वारा महिलाओं के लिए वॉकथॉन का आयोजन

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर द्वारा निःसंतानता से जुझ रहे महिलाओं के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया था। निःसंतानता से जुडी गलत धारणाओं को दूर करना इसका मुख्य उद्देश था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतलाम के महापौर श्री प्रहलाद पटेल और रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ अनीता मुथा थीं। इस अभियान के लिए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

निःसंतान अब केवल बड़े शहरों की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि रतलाम जैसे टियर 2 क्षेत्रों में भी यह समस्या देखी जा रही है। नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी के प्रजनन विशेषज्ञ 30 वर्ष से कम आयु के जोड़ों में भी यह समस्या देख रहे हैं। पर्यावरण और जीवनशैली के कारण यह समस्या जोडों में बढती दिखाई दे रही हैं। इस प्रवृत्ति को प्रभावित कर सकते हैं। निःसंतानता से पीड़ित 10 में से 2-3 महिलाएं गंभीर पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) से पीड़ित हैं, और 10 में से 4 महिलाओं में अंडे की गुणवत्ता और गिनती खराब है। पुरुष निःसंतानता भी काफी बढ़ रहा है, लगभग 35-40 प्रतिशत मामले खराब शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता से जुड़े हैं। कृषि क्षेत्रों में कीटनाशकों के संपर्क में आने से पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या कम हो सकती है, जबकि महिलाओं में डिम्बग्रंथि आरक्षित कम हो रही है। यह खराब पोषण, गतिहीन जीवनशैली, पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों, तनाव, स्क्रीन के संपर्क के कारण हो सकता है। संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा सहायता लेने को कम महत्व दिया जाता है। रतलाम स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी के फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. श्रुति शेट्टी ने कहाँ की, ÷निःसंतानता वाले जोड़ों को समाज में बहुत कलंक का सामना करना पड़ता है। हालाँकि निःसंतानता के मरीजों का पुरुष-महिला अनुपात हाल ही में बढ़ा है, लेकिन महिलाओं को बहुत अधिक दबाव और मनोवैज्ञानिक तनाव का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिती में परिवार और समाज को निःसंतानता से जुझ रहे जोडों को प्रजनन विशेषज्ञों के पास इलाज के लिए जाने सलाह देनी चाहिए।

# महिलाओं की सेहत पर खास ध्यान: रेडक्लिफ लैब्स का 'फॉर द वुमन, बाय द वुमन' कैंपेन शुरू

**जबलपुर।** भारत में 52त्न महिलाओं को लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्रमुख डायग्नोस्टिक हेल्थकेयर प्रदाता रेडक्लिफ लैब्स ने अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर एक महीने का कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है ÷फॉर द वुमन, बाय द वुमन÷ (महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा)। यह कैंपेन 8 फरवरी 2025 से शुरू हुआ और पूरे देश में 220 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों के जरिए महिलाओं को जागरूक करने और उनकी बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इन सभी शिविरों का प्रबंधन पूरी तरह से महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, बीमारियों का जल्दी पता लगाने में मदद करना और उन्हें अपनी सेहत की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है। 8 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले इस कैंपेन को 21 राज्यों और 110 शहरों में संचालित किया जा रहा है। इसमें दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े शहरों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा, वाराणसी, पटना, जबलपुर, जयपुर और देश के अन्य हिस्सों में भी इसे चलाया जा रहा है। रेडक्लिफ लैब्स ने इस कैंपेन के तहत पूरे भारत में स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं, जो महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इन शिविरों में महिलाओं के लिए विशेष रूप से तैयार फुल-बॉडी हेल्थ चेकअप पैकेज दिए जा रहे हैं, जिनमें फ्री हार्मोनल हेल्थ स्क्रीनिंग भी शामिल है। सभी शिविर पूरी तरह महिला स्वास्थ्यकर्मियों, फ्लेबोटोमिस्ट (खून निकालने वाले) और सहायक स्टाफ द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यह महिलाओं की ताकत और उनके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान को दर्शाता है। इस पहल पर रेडक्लिफ लैब्स के सीईओ और संस्थापक आदित्य कंदोई ने कहा, ''महिलाओं का स्वास्थ्य लंबे समय से उपेक्षित रहा है, और 52त्न महिलाओं को लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा है। थायराइड असंतुलन और पीसीओएस जैसी हार्मोनल समस्याओं का अक्सर समय पर पता नहीं चलता, जबकि डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियां महिलाओं की सेहत को और प्रभावित कर रही हैं।

# कबड्डी-क्रिकेट और इनडोर गैम्स में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल

छतरपुर। वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के तत्वाधान में स्व. बीपी दीक्षित स्मृति खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। पांच दिवसीय खेल आयोजन में विद्यार्थी कबड्डी, क्रिकेट सहित इनडोर गैम्स में उत्साह से सहभागिता कर रहे हैं। महोत्सव का समापन 10 मार्च को पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। विगत 6 मार्च से शुरू हुए स्व. बीपी दीक्षित स्मृति खेल महोत्सव में वीरांगना अवंतीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विधि महाविद्यालय, नर्सिंग कॉलेज, पं. देवप्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज, फार्मेसी महाविद्यालय और बीएड कॉलेजों के विद्यार्थी उत्साह से भाग ले रहे हैं। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान वीरांगना अवंतीबाई ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अशोक दीक्षित, डायरेक्टर शुभम दीक्षित, प्राचार्य डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. जे. सोनी, अतुल तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**कार्यालय नगर निगम भोपाल**
जोन क्रमांक-06 यांत्रिक शाखा

क्रमांक 272/ यां.वि/जोन क्र.06/2025 भोपाल दि. 04.03.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https:// www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_400838_2 | CONSTRUCTION OF CC PAVEMENT IN FRONT OF ZONE 06 OFFICE H.NO. 227 TO H. NO. 243 WARD 51 ZONE 06 | 4.22 | 18.03.2025 | 5:30 PM |
| 2 | 2025_UAD_399254_2 | BEAUTIFICATION WORK OF SANSKRATIK MANCH AT PEEPAL CHOWK IN WARD 51 ZONE 06 | 1.67 | 18.03.2025 | 5:30 PM |
| 3 | 2025_UAD_399202_2 | CONSTRUCTION OF ALUMINUM PARTICLE WORK FOR ROOM AT ZONE OFFICE NO. 06 | 1.29 | 18.03.2025 | 5:30 PM |

नि.क्र.1446/024/025

**सहायक यंत्री**
**जोन क्रं. 06 नगर निगम, भोपाल**

# मिलेनियल्स से जेन जी तक, एक नए दौर के उद्यमियों की क्रांति

**भोपाल।** दुनिया भर में, खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, लेकिन अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि वे खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं—अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत), और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं।

## विद्यार्थियों की शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यूवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

**मुंबई, एजेंसी।** छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड यूवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है, जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते यूवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुचाने का प्रयास किया गया है।विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई 172 पृष्ठों की लॉन्ग बुक अब 65 में और 140 पृष्ठों की लॉन्ग बुक 55 की अविश्वसनीय कीमत पर उपलब्ध है। यह हर प्रकार की लेखन आवश्यकताओं के लिए एक स्मार्ट विकल्प है।शिक्षा और आसान उपलब्धता पर जोर देते हुए, यूवा अपने उत्पादनों का विस्तार कर रहा हैताकि छात्रों को अधिक खर्च किए बिना बेहतर लेखन अनुभव मिल सके।

## बिरला ओपस पेंट्स ने पेंटिंग की हर जरूरत को पूरा करने के लिए पहला पेंट स्टूडियो लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ के तहत आने वाले ब्रांड, बिरला ओपस पेंट्स ने आज अपना पहला बिरला ओपस पेंट स्टूडियो (कंपनी ओन्ड एवं कंपनी ऑपरेटेड स्टोर) पेश किया। यह उद्योग का पहला एक्सपीरियंस सेंटर है, जो ग्राहकों द्वारा कलर्स खोजने और चुनने के तरीके में परिवर्तन ला देगा। यह उपलब्धि इनोवेशन, प्रीमियम पेशकशों और दिलचस्प ग्राहक अनुभव द्वारा पेंट एवं डेकोर उद्योग में परिवर्तन लाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। इस सेंटर का लॉन्च आज गुरुग्राम में किया गया। यहाँ ग्राहकों के लिए विशेष विकल्पों के साथ 170 से अधिक उत्पाद हैं।

इस लॉन्च के बारे में श्री रक्षित हरगवे, सीईओ, बिरला ओपस पेंट्स ने कहा, ''आज हम गुरुग्राम में अपना पहला बिरला ओपस पेंट स्टूडियो शुरू कर रहे हैं। यह भारत में रंगों के अनुभव को परिभाषित करने की ओर एक निर्णायक कदम है। भारत में ग्राहक उत्पाद और सेवाएं खरीदते वक्त नए और ज्यादा गहरे विकल्पों को खोजने के लिए उत्सुक हैं।

## भारत में बेहतरीन कॉफी अनुभवः नेस्प्रेसो ने दिल्ली में खोला अपना पहला बुटीक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रीमियम पोर्शनड कॉफी में अग्रणी नेस्प्रेसो ने नई दिल्ली के साकेत स्थित सिलेक्ट सिटीवॉक मॉल में अपने पहले बुटीक के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह लॉन्च भारत में नेस्प्रेसो के विस्तार में एक अहम पड़ाव है और 2024 के अंत में देश में अपनी शुरुआत के बाद इसका अगला बड़ा कदम है। इस नए बुटीक में कॉफी प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव मिलेगा, जहां वे नेस्प्रेसो की बेहतरीन गुणवत्ता वाली कॉफी और अत्याधुनिक मशीनों की पूरी रेंज देख और आज़मा सकेंगे। ग्राहक विभिन्न कॉफी ब्लेंड्स का स्वाद चख सकते हैं, प्रशिक्षित कॉफी विशेषज्ञों से व्यक्तिगत सलाह प्राप्त कर सकते हैं, और नेस्प्रेसो की स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जान सकते हैं। नेस्प्रेसो के सीईओ, फिलिप नवरातिल ने इस मौके पर कहा, दिल्ली में नेस्प्रेसो बुटीक का शुभारंभ भारत में बढ़ती कॉफी संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हमें गर्व है, क्योंकि इसके जरिए हम भारतीय कॉफी प्रेमियों को नेस्प्रेसो का बेमिसाल स्वाद चखने का मौका दे रहे हैं। हमारा मानना है कि नेस्प्रेसो का हर कप गुणवत्ता, कारीगरी और स्थिरता की एक कहानी कहता है।

## बीएनएचएस और जेएसडब्ल्यू ने कबूतरों की अधिक जनसंख्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया सहयोग

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) ने आज जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सहयोग से अपनी नवीनतम डॉक्यूमेंट्री 'मर्सी फीडिंग- शहरी क्षेत्रों में कबूतरों का खतरा' लॉन्च की। इसमें शहरों में लोगों द्वारा भोजन दिए जाने के कारण आम नीले पत्थर के कबूतरों की आबादी में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होने वाली पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला गया है। अनियंत्रित कबूतरों को खिलाना, जिसे अक्सर मर्सी फीडिंग कहा जाता है, शहरी क्षेत्रों में कबूतरों की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि का कारण बना है। जबकि खिलाना दया का काम माना जाता है, इसके अनपेक्षित परिणाम होते हैं, जिसमें स्थानीय जैव विविधता का विघटन और सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम शामिल हैं। कबूतर हवा से फैलने वाली बीमारियों के वाहक माने जाते हैं, और उनकी बीट इमारतों और सार्वजनिक स्थानों को खराब करने में योगदान देती है।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी कड़ी टक्कर दोनों टीम के जीतने के 50-50 प्रतिशत चांस




**भोपाल।** 9 मार्च को दुबई में खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा मुकाबला होगा। दोनों टीम वर्तमान में अपने प्रदर्शन के उच्चतम स्तर पर हैं। दोनों टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा रहेगी । यदि भारत की टीम को यह फाइनल मैच जीतना है तो उसे अधिक सतर्क रहना होगा । क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम इस समय बल्लेबाजी, फिल्डिंग और गेंदबाजी, तीनों में अव्वल चल रही है। उसके फील्डर कोई भी कैच छोड़ने से नहीं चूकते ,जबकि भारतीय टीम में ऐसा नहीं है। भारत को अगर मैच जितना है तो बल्लेबाजी , क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी में उसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा । चार स्पिनर की जगह यदि तीन स्पिनर को खिलाया जाए और एक फास्ट बॉलर हर्षित राणा को और ले लिया जाए तो तीन फास्ट और तीन स्पिनर से अच्छा मुकाबला हो सकता है। भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल का चलना फिर जरूरी है। क्योंकि विराट और रोहित यदि अर्धशतक जमाते हैं और भारत 270 के ऊपर स्कोर करता है तो जीत के चांस बढ़ जाएंगे। लेकिन न्यूजीलैंड की टीम भी कमजोर नहीं है। यदि न्यूजीलैंड की टीम टॉस जीतकर मैदान में बल्लेबाजी के लिए पहले उतरती हैं तो उससे बड़े स्कोर की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए भारतीय फील्डरों को बाउंड्री रोकनी होगी,वाइड बॉल कम फैंकनी होगी।कैच पकड़ने होंगे। तभी जीत संभव है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि दोनों टीमों के जीतने के चांस 50- 50त्न है .बाकी सब कुछ टॉस जीतने और पहले बल्लेबाजी पर निर्भर करेगा।

### यूनाइटेड फोरम की हड़ताल और वीकेंड का असर

# मार्च में लगातार 4 दिन तक बैंक रहेंगे बंद




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 22 से 25 मार्च तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी, क्योंकि 22 मार्च को चौथा शनिवार और 23 मार्च को रविवार के अवकाश के बाद 24-25 मार्च को बैंक हड़ताल रहेगी। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन की देशव्यापी हड़ताल के कारण राज्य में भी बैंकों का कामकाज ठप रहेगा, जिससे ग्राहकों को परेशानी हो सकती है।

मध्यप्रदेश में मार्च के आगामी दिनों में बैंकिंग सेवाएं लगातार चार दिनों तक प्रभावित रहेंगी। यदि आपको बैंक से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण कार्य निपटाना है, तो जल्द ही पूरा कर लें, अन्यथा असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। बैंकों के चार दिन बंद रहने की वजह दो दिवसीय हड़ताल और उसके बाद पड़ने वाला शनिवार और रविवार है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है, जिसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा।22 मार्च से 4 दिन तक बंद रहेंगे बैंक, जल्द निपटाएं जरूरी काम यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 24 और 25 मार्च को देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है, जिससे मध्यप्रदेश में भी बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। हड़ताल के कारण इन दो दिनों में बैंककर्मी कार्य से विरत रहेंगे और बैंक बंद रहेंगे। इससे पहले, 22 मार्च को महीने का चौथा शनिवार होने की वजह से बैंक अवकाश रहेगा, जबकि 23 मार्च को रविवार होने के कारण भी बैंक नहीं खुलेंगे। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को हड़ताल की वजह से लगातार चार दिनों तक बैंकिंग सेवाएं ठप रहेंगी।



भोपाल। 16 वें वित्त आयोग के अधिकारियों ने टीटी नगर स्टेडियम में खेलों में भाग लिया।

## महिला निवेशकों का म्यूचुअल फंड्स की ओर बढ़ता रुझान

**मुंबई, एजेंसी।** इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, फ़ोनपे वेल्थ अपने प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी के साथ-साथ उनके बढ़ते निवेश और योगदान में हो रही वृद्धि को सामने ला रहा है। महिला निवेशकों के बढ़ते योगदान और निवेश प्रतिबद्धता को देखते हुए, फ़ोनपे वेल्थ ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का विश्लेषण किया, और डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ सोच-समझकर बड़े निवेश कर रही हैं और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

# अंगदान परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि अंगदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह मानवीय संवेदना और परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्व. पूरन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की है और समाज से अंगदान को जीवनदायी संकल्प के रूप में अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की कार्य कुशलता एवं आपसी समन्वय से अत्यंत ही सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम प्रशासन और पुलिस की कुशलता एवं तत्परता की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को जबलपुर के पूरन चौधरी कार्यस्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें गंभीर सिर की चोट आई। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती होने के बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में उनकी जांच की गई, जिसमें ब्रेन डेड की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, चिकित्सकों ने परिजनों को अंगदान के महत्व की जानकारी दी, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

**डेढ़ माह के भीतर जबलपुर में आर्गन ट्रांसपोर्टेशन के लिये बनाये गये दो ग्रीन कॉरिडोर:** इसके बाद, स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन इंदौर को सूचित कर आवश्यक तैयारियाँ की गईं। कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिससे एक किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर और दूसरी बड़ेरिया मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में जरूरतमंद मरीज को सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह



कुशवाहा, डॉ. जितिन बजाज, डॉ. फनीन्द्र सिंह सोलंकी, अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासन और पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। अंगदाता स्वर्गीय श्री पूरन चौधरी के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान पहुँचाया गया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला परिसर रीवा में कृष्णवट वृक्ष व भोजपत्र वृक्ष का किया रोपण



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला परिसर रीवा में कृष्णवट वृक्ष व भोजपत्र वृक्ष का रोपण किया। उन्होंने कहा कि इन वृक्षों में भगवान का वास होता है। इनका रोपण गौशाला के लिए सौभाग्यशाली है। श्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्मणबाग गौशाला के प्रताप से ही बसामन मामा गौवंश वन्य विहार की स्थापना हुई तथा हिनौती में गौधाम का निर्माण कार्य प्रगति पर है।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्मणबाग गौशाला से संबद्ध सभी जन साधुवाद के पात्र हैं जो इसे प्रभावी व सिद्ध क्षेत्र बनाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। इस गौशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्रियों, मनीषियों व संतों का आगमन हो चुका है। उन्होंने दोनों वृक्षों को उपलब्ध कराने के लिए बाला व्यंकटेश शास्त्री को साधुवाद दिया। उप मुख्यमंत्री श्री ने गौपूजन कर गाय को गुड़ खिलाया। अध्यक्ष नगर निगम रीवा श्री व्यंकटेश पाण्डेय सहित शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स ने विकासप्रक्षेप की घोषणा की

**चेन्नई , एजेंसी।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड , एक क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो, ने 80 करोड़ तक के क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट और 59.95 करोड़ के कुल पूरी तरह से परिवर्तनीय वारंट के प्रेफरेंशियल इश्यू के जरिए फंड जुटाने की घोषणा की है। इन स्ट्रैटेजिक पहलों का उद्देश्य कंपनी की वैश्विक विस्तार पहलों, तकनीकी नवाचार एकीकरण को मजबूत करना और हॉलीवुड स्टूडियो, ओटीटी प्लेटफॉर्म और गेमिंग उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना, उन्नत विजुअल इफेक्ट्स तकनीकों और एआइ-संचालित उत्पादन पाइपलाइनों में निवेश करना है। चूंकि कंपनी को कई संस्थागत निवेशकों से मजबूत रुचि मिली है, इससे हमारे विकास पथ और बाजार क्षमता में विश्वास की पुष्टि होती है।बोर्ड ने 24,27,000 पूर्ण परिवर्तनीय वारंटों को अधिमान्य आधार पर 247 प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर बनाने, जारी करने, पेशकश करने और आवंटित करने की अनुमति दी है, जिसकी कुल कीमत 59.95 करोड़ है। 'प्रवर्तक' और 'गैर-प्रवर्तक' समूह श्रेणियों से संबंधित आवंटियों की सूची इस प्रकार है- श्री बेजॉय अर्पुथराज सैम मनोहर (प्रमोटर) - 5,00,000 वारंट । मेसर्स ज़ील ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज़ फंड (सार्वजनिक) - 7,50,000 वारंट। मैसर्स अल महा इन्वेस्टमेंट फंड पीसीसी - ओनिक्स स्ट्रैटेजी (सार्वजनिक) - 7,50,000 वारंट। मेसर्स एम7 ग्लोबल फंड पीसीसी - सेल ड्यूकैप फंड (सार्वजनिक) - 4,27,000 वारंट। इसके अतिरि क्त, कंपनी को शेयरधारकों और नियामक अनुमोदन के अधीन, एक या एक से अधिक किस्तों में योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 80 करोड़ रुपये तक की धनराशि जुटाने के लिए बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हुआ है। फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री बेजॉय अर्पुथराज एस ने विकास पर टिप्पणी करते हुए कहा, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स एक रोमांचक विकास चरण में प्रवेश कर रहा है, और यह फंडिंग हमारे वीएफएक्स उद्योग में नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

## जॉनसन्स बेबी के नए कैंपेन में अनिल और सोनम कपूर




**मुंबई, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं कि बेबी वयस्कों की तुलना में कम पलकें झपकाते हैं इस वजह से उनकी आँखें बाहरी उत्तेजक पदार्थ और कठोर क्लीन्ज़र के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं, जिन्हें अधिक देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता होती है, खास कर नहलाते हुए। जॉनसन्स बेबी ब्रांड को बेबी स्किन साइंस की गहरी समझ है, यह ब्रांड बेबी की त्वचा की देखभाल के लिए नवाचारों में सबसे आगे रहा है। जॉनसन्स0 बेबी ने बॉलीवुड के नामचीन पिता-पुत्री अनिल और सोनम कपूर के साथ मिलकर अपना नया कैम्पेन शुरू किया है, जिसमें उनके साथ-साथ एक बहुत ही प्यारा बेबी फिल्म का मुख्य किरदार निभा रहा है। नयी फिल्म की संकल्पना डीडीबी मुद्रा ने की है। बेबी की पलक झपकने की प्रतिक्रिया के पीछे के विज्ञान को इसमें बहुत ही रचनात्मक तरीके से दर्शाया गया है। किसी भी बेबी की पलक झपकने की प्रतिक्रिया पूरी तरह से विकसित नहीं होती है, इसलिए वे बड़ों की अपेक्षा कम बार पलकें झपकाते हैं।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस ने इंदौर में अपनी पहली महिला संचालित शाखा शुरू की

**इंदौर, एजेंसी।** भारत की प्रमुख किफायती हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने इंदौर में अपनी पहली महिला संचालित शाखा शुरू की है, जिसे पूरी तरह से महिलाओं की टीम द्वारा संचालित किया जाएगा। यह पहल न केवल वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न-आय वर्ग के परिवारों को घर खरीदने के सपने पूरे करने में भी मदद करेगी।

आठ उत्साही महिलाओं की यह टीम वित्तीय सेवाओं में एक नई मिसाल कायम कर रही है। वे सिर्फ ग्राहक सेवा नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण निर्णय लेने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस शाखा का नेतृत्व ब्रांच मैनेजर, अशीता जुनेजा कर रही हैं। इस पहल की कल्पना आधार हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और सीईओ, ऋषि आनंद ने की थी, जिसे बिजनेस हेड (एमपी) सचिन महेश्वरी और रीजनल बिजनेस हेड (एमपी) संदीप जावरेकर ने 18 महीने की योजना के बाद साकार किया। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री ऋषि आनंद ने कहा, हमें आधार की पहली पूरी तरह महिला संचालित शाखा शुरू करने पर गर्व है। यह कदम महिलाओं को वित्तीय क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# विकास की धुरी बन रही प्रदेश की सशक्त नारी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹ 1552.73 करोड़**

**26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹ 55.95 करोड़ का अंतरण**



## स्व-सहायता समूह सम्मेलन

(सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल)

## क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण

8 मार्च, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

D-11208/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025